# आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
## प्रादेशिक समाचार बुलेटिन

**18.45 बुधवार** **दिनांक 12.03.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचारः–**

- **राज्य विधानसभा में आज भारतमाला परियोजना और केलो प्रोजेक्ट में भू–अर्जन में गड़बड़ी के मामले में विपक्ष ने किया बहिर्गमन।**
- **होली मिलन के बाद विधानसभा की कार्यवाही सत्रह मार्च तक के लिए स्थगित की गई।**
- **बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को किया गिरफ्तार।**
- **आज से शुरू हुआ बस्तर पंडुम–मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम के लोगो का किया अनावरण।**

### विधानसभा–बहिर्गमन

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के बारहवें दिन आज सदन में विपक्ष ने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। नेता प्रतिपक्ष डॉक्टर चरणदास महंत ने कहा कि इस मामले की सीबीआई से जांच कराई जानी चाहिए। डॉक्टर महंत ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही उन्होंने विधायकों की समिति बनाकर मामले की जांच कराने की भी मांग की। जवाब में राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि भारतमाला परियोजना के तहत रायपुर, बिलासपुर और कोरबा में भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण में हुई गड़बड़ी को लेकर कुछ अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही की गई है। उन्होंने भारतमाला परियोजना में गड़बड़ी का मामला स्वीकार करते हुए कहा कि अधिसूचना के बाद रकबे के टुकड़े किए गए और अधिकृत भूमि का दोबारा भू–अर्जन किया गया। इस मामले में डिप्टी कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार और पटवारी पर कार्रवाई की गई है। राजस्व मंत्री ने सदन में भारतमाला परियोजना के तहत हुए भूमि अधिग्रहण में की गई गड़बड़ी की जांच संभागीय आयुक्त की अध्यक्षता में बनी समिति से कराने की घोषणा की। सत्तापक्ष के जवाब से असंतुष्ट होकर विपक्ष ने हाईकोर्ट जाने का ऐलान किया। साथ ही सदन से बहिर्गमन भी कर दिया। प्रश्नकाल में आज पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस विधायक उमेश पटेल ने केलो प्रोजेक्ट में भू–अर्जन में गड़बड़ी का मुद्दा उठाया। उन्होंने विधानसभा समिति से इस मामले की जांच कराने की मांग की। इस पर विभागीय मंत्री टंकराम वर्मा ने बताया कि परियोजना का अस्सी प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। प्रोजेक्ट में तेईस प्रकरण लंबित होने के अलग–अलग कारण हैं। श्री वर्मा ने कहा कि इस मामले की विभागीय जांच कराई जाएगी। इस पर विपक्षी सदस्यों ने नारेबाजी करते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया।

### विस–ई–वे बिल

सदन में आज ध्यानाकर्षण के जरिए भाजपा विधायक अनुज शर्मा ने ई–वे बिल में जांच के नाम पर वसूली करने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि ई–वे बिल के नाम पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि ई–वे बिल के नाम पर गाड़ियों को रोककर पैसे वसूले जाते हैं। साथ ही व्यापारियों को भी परेशान किया जा रहा है। इस पर वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने कहा कि जांच के नाम पर अवैध वसूली की कोई शिकायत नहीं मिली है। ऐप के जरिए वाहनों की जांच की जाती है। बिल नहीं पाए जाने पर विभाग के अधिकारियों को वीडियो अपलोड कर व्हाट्सएप पर सूचना दी जाती है। वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश में ई–वे बिल की जांच के लिए पंद्रह टीमों का गठन किया गया है।

### विस–विधेयक पेश/अनुदान मांग

राज्य विधानसभा में आज तीन विधेयकों को सदन के पटल पर रखा गया। इनमें मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ लोकतंत्र सेनानी सम्मान विधेयक को सदन के पटल पर रखा। वहीं, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने छत्तीसगढ़ पंचायत राज संशोधन विधेयक और संसदीय कार्य मंत्री केदार कश्यप ने छत्तीसगढ़ विधानसभा सदस्य वेतन भत्ता तथा पेंशन संशोधन विधेयक को सदन में प्रस्तुत किया। सदन में आज मंत्री रामविचार नेताम के विभागों से संबंधित अनुदान मांगों पर चर्चा शुरू हुई। कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप ने अनुदान मांगों पर चर्चा की शुरुआत की। इस चर्चा में भाजपा विधायक धरमलाल कौशिक और धरमजीत सिंह तथा कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया ने भाग लिया। इसके बाद विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह ने सदन की कार्यवाही सत्रह मार्च सुबह ग्यारह बजे तक के लिए स्थगित कर दी। विधानसभा की आज की कार्रवाई की समाप्ति के बाद विधानसभा परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

**जनजाति सलाहकार परिषद बैठक**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद के पुनर्गठन के बाद कल पहली बैठक विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में हुई। बैठक में जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण, शिक्षा, सामाजिक–आर्थिक उन्नयन, प्रशासनिक सुधार और संस्कृति संरक्षण से जुड़े मुद्दों पर विचार–विमर्श किया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने सभी प्रस्तावों पर प्रभावी क्रियान्वयन करने के निर्देश दिए। साथ ही अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि नीतिगत सुधारों का वास्तविक लाभ जनजातीय समुदाय तक पहुंचे।

**माओवादी गिरफ्तार**

बीजापुर जिले में आज सुरक्षा बलों ने पांच माओवादियों को गिरफ्तार किया है। इनमें से एक माओवादी पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था। जिले के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र यादव ने बताया कि उसूर थाना क्षेत्र से केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल–सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम तलाशी अभियान पर निकली थी। इसी दौरान मारूड़बाका के जंगल से इन माओवादियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से प्रतिबंधित माओवादी संगठन की प्रचार सामग्री, पाम्पलेट और बैटरी बरामद की गई है।

**बस्तर पंडुम**

आदिवासी परंपराओं, लोककला और रीति–रिवाज को सहेजने के लिए आज से "बस्तर पंडुम" का आयोजन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आज विधानसभा परिसर स्थित समिति कक्ष में बस्तर पंडुम के लोगो का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि बस्तर पंडुम के माध्यम से बस्तर के लोकजीवन और लोक संस्कृति को सहेजने के साथ ही उनकी उत्सवधर्मिता में हम सहभागी बनेंगे। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सांस्कृतिक विरासत को नई पीढ़ी तक पहुंचाने के साथ ही बस्तर के प्रतिभाशाली कलाकारों को सशक्त मंच प्रदान करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर पंडुम में नृत्य, गीत, लोककला, लोक संस्कृति, नाट्य, शिल्प, रीति– रिवाज, परंपरा और व्यंजन सहित विभिन्न विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बस्तर पंडुम की बुकलेट का भी विमोचन किया। बस्तर पंडुम के तहत तीन चरणों में प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी।

**बस्तर–होली**

बस्तर की विभिन्न परंपराएं, रीति–रिवाज और लोक त्यौहार दूसरे क्षेत्रों से अलग मनाए जाते हैं। यही कारण है कि होलिका दहन पर बस्तर में होलिका और प्रहलाद की कहानी नहीं, बल्कि मां दंतेश्वरी की आराधना कर होलिका दहन किया जाता है। इस पर्व को मनाने बड़ी संख्या में ग्रामीण, दंतेवाड़ा के फागुन मेले और जगदलपुर के माड़पाल की होली में शामिल होते हैं। इन मेलों में होलिका दहन और रंग गुलाल अर्पण कर देवी–देवताओं के साथ पहले होली खेली जाती है और उसके बाद शहर में होली का आयोजन होता है।

वहीं, दंतेवाड़ा स्थित मां दंतेश्वरी मंदिर परिसर में पलाश के फूलों से बने रंग से देवी–देवताओं और विभिन्न गांवों से आए देव विग्रहों को होली खेलने से पहले रंग अर्पण किए जाते हैं।

**होलिका दहन/होली मिलन**

कल तेरह मार्च को होलिका दहन होगा और चौदह मार्च को रंगोत्सव मनाया जाएगा। होली त्योहार को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। बाजारों में पिचकारी, रंग–गुलाल, पूजन सामग्री और मिठाइयों की दुकानें सज गई हैं। वहीं, दोहिका दहन को लेकर भी गली–मोहल्लों और चौक–चौराहों में तैयारियां की जा रही हैं।

इससे पहले, राजधानी रायपुर सहित प्रदेशभर में विभिन्न स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में आज रायपुर प्रेस क्लब में होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री अरूण साव, वन मंत्री केदार कश्यप, रायपुर की महापौर मीनल चौबे और विधायक अनुज शर्मा शामिल हुए। इस दौरान मंत्रियों और पत्रकारों ने रंग–गुलाल खेलकर और फाग गीत गाकर एक–दूसरे को होली की शुभकामनाएं दीं।

**रायपुर पुलिस–रकम बरामद**

रायपुर पुलिस ने बीती रात जांच के दौरान एक वाहन से लगभग दो करोड़ रुपए बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार वाहन में ड्राईवर सहित तीन लोग सवार थे। ये गाड़ी नागपुर की ओर जा रही थी। इसी दौरान आमानाका थाने के अंतर्गत पुलिस ने वाहन को रोका और जांच की। जांच में वाहन की सीट के नीचे बने चैंबर से आरोपियों द्वारा छिपाकर रखी गई नगद रकम बरामद की गई। पुलिस तीनों आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

**<u>अग्निवीर–आवेदन प्रक्रिया</u>**

भारतीय सेना में अग्निवीर की भर्ती के लिए आज से ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक उम्मीदवार दस अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। अग्निवीर की भर्ती जनरल, तकनीकी, क्लर्क, ट्रेडमेन, महिला सैन्य पुलिस और रेगुलर कैडर भर्ती धर्म गुरू, नर्सिंग सहयोगी तथा सिपाही फार्मा के पदों पर की जाएगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी, सेना भर्ती कार्यालय रायपुर के टेलीफोन नंबर – **शून्य सात सात एक– दो नौ छह पांच दो एक दो** या फिर **शून्य सात सात एक–दो नौ छह पांच दो एक चार** पर संपर्क कर सकते हैं।

**<u>किसान–एआई तकनीक</u>**

दंतेवाड़ा जिले के किसान अब खेती–किसानी में आधुनिकतम तकनीक का उपयोग कर सकेंगे। रायपुर में आयोजित कार्यशाला में किसानों और कृषि अधिकारियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–एआई के उपयोग के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यशाला में फसल निगरानी से लेकर आपदा प्रबंधन तक में एआई तकनीक के उपयोग के महत्व पर जोर दिया गया।

**<u>मौसम</u>**

मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से सोलह मार्च से प्रदेश के कुछ जिलों में गरज–चमक के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने आकाशवाणी समाचार को बताया कि इसके कारण प्रदेश के तापमान में गिरावट आएगी।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>